# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 24.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆इंडो नेपाल बॉर्डर भगवानपुर पर ऑपरेशन कवच व सुरक्षा व्यवस्था के तहत मोहाना पुलिस, SSB टीम व APF नेपाल पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर पैदल गस्त /चेकिंग किया गया

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के अनुक्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर एवं जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 24.08.2026 को थाना मोहाना पुलिस द्वारा एसएसबी टीम के साथ इंडो नेपाल बॉर्डर भगवानपुर पर ऑपरेशन कवच के अंतर्गत रोकथाम तस्करी के तहत पेट्रोलिंग SSB SI पी के गांगटे मय टीम, APF नेपाल पुलिस टीम व पुलिस चौकी प्रभारी लालपुर SI सुदीप कुमार यादव , कांस्टेबल सुशील कुमार व कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार के साथ  संयुक्त रूप से भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर पैदल गस्त /चेकिंग किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 24.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।

आज दिनांक 24.08.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 24.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ गोष्ठी की गई तथा सभी आरक्षियों को उनके कर्तव्यों, उत्तरदायित्वों एवं पुलिस सेवा के मूल सिद्धांतों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 24.08.2026 को पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ गोष्ठी की गई। गोष्ठी के दौरान महोदय ने सभी आरक्षियों को पुलिस सेवा के मूल सिद्धांतों, कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण के महत्व को समझाते हुए जनता के साथ शालीनता, अनुशासन एवं संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करने के निर्देश दिए। महोदय ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान को फील्ड में ईमानदारी और निष्ठा के साथ लागू करें, जिससे जनपद में कानून व्यवस्था और पुलिस की छवि और बेहतर हो सके। इस अवसर पर प्रशिक्षण अधिकारी व अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# प्रेस नोट दिनांक 24.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ थाना खेसरहा साइबर पुलिस टीम द्वारा साइबर फ्रॉड से सम्बंधित धनराशि ₹ 24000/- को शिकायतकर्ता के खाते में कराया वापस।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में साइबर अपराध एवं साइबर क्राइम रिकवरी/लीन हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व शुबेंदु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण एवं थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में दिनांक-18.10.2025 को आवेदक रामप्रसाद पुत्र रामसेवक निवासी लमुईताल थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के द्वारा एनसीआपी पोर्टल के माध्यम से दिनांक 18.10.2025 को शिकायत किया गया था कि जिसमें UPI के जरिए ₹ 421024/- फ्रॉड हो गया था। जिस पर थाना खेसरहा पर इस संबंध में मुकदमा पंजीकृत व विचाराधीन है। साइबर सेल टीम एवं बैंक के समन्वय से आवेदक रामप्रसाद उपरोक्त को फ्राड धनराशि का ₹ 24000/- दिनांक 24.08.2026 को उनके खाते में वापस कराया गया।

सराहनीय कार्य करने वाली साइबर टीम का विवरण-

01. अनूप कुमार मिश्र, थानाध्यक्ष थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर
02. साइबर सेल प्रभारी राघवेंद्र प्रताप यादव
03. का0 अभिषेक मौर्य
04. रि0का0 नीरज कुमार
05. म0का0 रम्भा यादव

# प्रेस नोट दिनांक 24.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ थाना खेसरहा साइबर पुलिस टीम द्वारा साइबर फ्रॉड से सम्बंधित धनराशि ₹ 80286/- शिकायतकर्ता के खाते में कराया वापस।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में साइबर अपराध एवं साइबर क्राइम रिकवरी/लीन हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व शुबेंदु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण एवं थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में दिनांक-16.02.2026 को आवेदक आदित्य बसु देवानन्द पुत्र सुभाष चन्द्र मिश्र निवासी भलुहा थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के द्वारा एनसीआपी पोर्टल के माध्यम से दिनांक 16.02.2026 को शिकायत किया गया था। जिसमें UPI के जरिए ₹ 99999.00/- का फ्रॉड हो गया था। जिस पर थाना खेसरहा साइबर सेल टीम एवं बैंक के समन्वय से आवेदक आदित्य बसु देवानन्द उपरोक्त को फ्राड धनराशि का ₹ 80286 /- दिनांक 24.08.2026 को उनके खाते में वापस कराया गया।

सराहनीय कार्य करने वाली साइबर टीम का विवरण

01. अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर
02. साइबर सेल प्रभारी राघवेंद्र प्रताप यादव
03. उ0नि0 रवि प्रताप सिंह सेंगर
04. का0 अभिषेक मौर्य
05. रि0का0 नीरज कुमार
06. म0का0 रम्भा यादव

# प्रेस नोट दिनांक 24.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना उसका बाजार कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम कटकी माफी में वरिष्ठ नागरिकों के साथ संवाद स्थापित कर किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में व कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) के चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 24.08.2026 को थानाक्षेत्र के ग्राम कटकी माफी में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया।गोष्ठी के दौरान लगभग 70 वर्षीय बुजुर्ग नागरिक सहित ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशल क्षेत्र के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया । ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर-

01.उ0नि0 रामप्रसाद

02. हे0 का0 नौमीनाथ

03. म0का0 प्रिया सिंह

## प्रेस नोट दिनांक 24.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना कपिलवस्तु कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के सार्वजनिक स्थल पर वरिष्ठ नागरिकों के साथ संवाद स्थापित कर किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण एवं विनय प्रताप सिंह थानाध्यक्ष कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में व कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) के चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 24/08/2026 को थानाक्षेत्र में भ्रमणशील रहकर थाना कपिलवस्तु कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के सार्वजनिक स्थल पर वरिष्ठ नागरिकों के साथ संवाद स्थापित कर समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे भीकार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर-

01.उ0नि0 सुमेर यादव

02.आ0 राहुल आशीष

03.आ0 राहुल शर्मा

# प्रेस नोट दिनांक 24.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना खेसरहा कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम बनकटा में दिव्यांगजन/वरिष्ठ नागरिकों के साथ संवाद स्थापित कर किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व सुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण अनुप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में व कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) के चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 24.08.2026 को थाना क्षेत्र के ग्राम बनकटा मे जनसंवाद एवम गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी के दौरान 70 वर्ष से अधिक बुजुर्ग नागरिको के साथ बैठकर उनकी समस्याओ एव कुशलक्षेम के सम्बन्ध मे जानकारी प्राप्त की गयी उपस्थित ग्रामीणो द्वारा बताया गया कि उन्हे वृद्धावस्था पेशन का लाभ नियमित रूप से मिल रहा है और किसी प्रकार की अन्य कोई समस्या नही प्रकट किये उपस्थित लोगो को सीपीयू टीम का नम्बर उपलब्ध कराया गया।

कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) टीम थाना खेसरहा-

1.उ0नि0 वीरेंद्र सिंह

2.हे0का0 राहुल सिंह, ओमप्रकाश उपाध्याय

4.म0का0 बिनीता सिंह

# प्रेस नोट दिनांक 24.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना भवानीगंज कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम भानपुर मस्जिदिया में वरिष्ठ नागरिकों के साथ संवाद स्थापित कर किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में विजय शंकर सिंह थाना प्रभारी भवानीगंज निर्देशन में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 24/08/2026 को थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर के ग्राम भानपुर मस्जिदिया में भ्रमण सील होकर जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान बुजुर्ग नागरिक सहित ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना भवानीगंज-

01.उपनिरीक्षक भूपेंद्र राज सिंह

02.का0 रामवीर यादव

03.का0 रवि कुमार जायसवाल

03.म0का0 उर्मिला, बरखा रावत

# प्रेस नोट दिनांक 24.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना मोहाना कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम लकड़ी में वरिष्ठ नागरिकों के साथ संवाद स्थापित कर आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण एवं थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 24.08.2026 को ग्राम लकड़ी थाना मोहाना,जनपद सिद्धार्थनगर में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान लगभग 70 वर्षीय बुजुर्ग नागरिक एवं दिव्यांगजन सहित ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशल क्षेत्र के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे है। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर-

01.उपनिरीक्षक विजय प्रताप यादव

02.हे0का0आत्मानंद नायक

03.का0 विजय

04.म0का0 अंजू वर्मा, म0का0 काजल अग्रहरि

# प्रेस नोट दिनांक 24.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆थाना चिल्हिया कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट टीम द्वारा कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थानाक्षेत्र के ग्राम सिसवा में भ्रमणशील रहकर सार्वजनिक स्थल पर दिव्यांगजन/वरिष्ठ नागरिकों के साथ संवाद स्थापित कर किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन  के आदेश के क्रम में तथा श्री प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी के पर्यवेक्षण में, *प्रभारी निरीक्षक श्री राजेश कुमार गुप्ता के निर्देशन में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 24.08.2026 को थाना चिल्हिया, जनपद सिद्धार्थनगर के ग्राम सिसवा में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया । गोष्ठी के दौरान विकलांग व्यक्तियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित विकलांग व्यक्तियों द्वारा बताया गया कि उन्हें विकलांग पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न विकलांगों से सम्बन्धित जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया । ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर-

01.उ0नि0 सुधाकर राय

02.का0पंकज वर्मा

03.म0का0 शालू

04.म0का0 मनीता

# प्रेस नोट दिनांक 24.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना लोटन मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम बिशनपुर की महिलाओं को महिला अपराध, साइबर जागरुकता अभियान के बारे में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना क्षेत्र के ग्राम बिशनपुर व विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जाकर बालिकाओं/महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान,मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना,रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ के संबंध जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति फेज 5.0द्वितीय चरण कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों- 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन,108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर से अवगत कराया गया।

मिशन शक्ति टीम थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर-
01.हेड कांस्टेबल संजय गुप्ता
02.म0का0 नेहा तिवारी
03.रि०म०का० अग्रिमा सिंह

# प्रेस नोट दिनांक 24.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना कपिलवस्तु मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम तरैना की महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध, साइबर जागरुकता, गुड व बैड टच के बारे में जागरुक किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 24.08.2026 थानाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन मे थानाक्षेत्र के ग्राम तरैनी की महिलाओं/ बालिकाओं को महिला अपराध, साइबर जागरुकता, गुड व बैड टच के बारे में जागरुक किया गया तथा बच्चियों को खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज  करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा बालिकाओं को  महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन- 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन,108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति व साइबर जागरूकता टीम थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर-
01.उ0नि0 रविन्द्रनाथ यादव
02.का0 रत्नेश यादव
03.म0आ0 सुषमा वर्मा,

## प्रेस नोट दिनांक 24.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना शोहरतगढ़ की मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम सभा गड़ाकुल में महिलाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 24.08.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना शोहरतगढ़ की मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम सभा गडाकुल में महिलाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी दहेज उत्पीड़न पॉक्सो एक्ट महिला संबन्धित मुकदमों में पीड़िताओं की काउंसलिंग की गई तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नम्बरों- 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर व नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति टीम थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर-
01.हे0का0अविनाश सिंह
02.म0का0 शोभा भारती, रूबी दुबे, सुजाता राव

# प्रेस नोट दिनांक 24.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना ढ़ेबरुआ की मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम ढ़ेबरुआ में महिलाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 24.08.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद थाना ढ़ेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना ढ़ेबरुआ की मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम ढ़ेबरुआ में महिलाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी दहेज उत्पीड़न पॉक्सो एक्ट महिला संबन्धित मुकदमों में पीड़िताओं की काउंसलिंग की गई तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नम्बरों- 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर व नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

# प्रेस नोट दिनांक 24.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना गोल्हौरा मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के डीसी मेमोरियल पब्लिक स्कूल गोल्हौरा की बालिकाओं को महिला/साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 24.08.2026 थानाध्यक्ष रामदेव थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के डीसी मेमोरियल पब्लिक स्कूल गोल्हौरा की बालिकाओं को बहू बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता अभियान तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती है के बारे में अवगत कराया गया, सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन- 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति टीम थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर-

1.उ0नि0 दीनदयाल सिंह
2.उ0नि0 रामनाथ यादव
3.का0 मनीष वर्मा
4.म0आ0 बबिता सिंह
5.म0आ0 अंजली वर्मा

# प्रेस नोट दिनांक 24.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆“आपरेशन कन्विक्शन” के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना बांसी पुलिस की प्रभावी पैरवी से मार-पीट व गम्भीर चोट कारित करने के आरोपी को 03 वर्ष के साधारण कारावास व कुल ₹10,500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे “आपरेशन कन्विक्शन” के क्रम में डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 24-08-2026 को वाद सं0 31/2017 मु0अ0सं0 853/2016 धारा 323,504,506,325 भादवि0 व 3(1)द एससी/एसटी एक्ट थाना बांसी मे पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री त्रिभुवननाथ, न्यायालय एएसजे/एसपीएल/एससी/एसटी जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा अभियुक्त मुख्तार अहमद पुत्र मो0 उमर निवासी रुदलापुर थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर को धारा 323 भादवि में 06 माह के साधारण कारावास व ₹500/-, धारा 325 भादवि में 03 वर्ष के साधारण कारावास व ₹5,000/- व धारा 3(1)द एससी/एसटी एक्ट में 03 वर्ष के साधारण कारावास व ₹5,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक श्री सन्तोष मिश्रा तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी नसीम अहमद थाना बांसी का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रेस नोट दिनांक 24.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना सिद्धार्थनगर पुलिस की प्रभावी पैरवी से आबकारी अधिनियम के आरोपी को न्यायालय उठने व कुल ₹500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के क्रम में डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 24-08-2026 को वाद सं0 1481/17 मु0अ0सं0 586/16 धारा 60 आबकारी एक्ट थाना सिद्धार्थनगर मे पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री अनुभव कटियार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा अभियुक्त पिंगल पुत्र स्व0 बहादुर निवासी वर्डपुर नं0-13 टोला मधुवेनिया थाना व जनपद सिद्धार्थनगर को न्यायालय उठने तक की सजा व ₹500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक श्री जयहिन्द त्रिपाठी तथा न्यायालय पैरोकार मुख्य आरक्षी गोविन्द सिंह थाना सिद्धार्थनगर का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रेस नोट दिनांक 24.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिला थाना जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा 15 जोड़ों के बीच मनमुटाव को दूर करते हुए एक साथ विदा किया गया।**

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन के कुशल नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत कुमार प्रसाद के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी विश्वजीत सौरयान के कुशल पर्यवेक्षण में महिला थाना सिद्धार्थनगर पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र द्वारा पारिवारिक विवादों के निस्तारण एवं परिवारों को बिखरने से बचाने हेतु निरंतर प्रभावी काउंसलिंग की जा रही है। मिशन शक्ति टीम द्वारा आज दिनांक 24.08.2026 को महिला थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीमती भाग्यवती पाण्डेय के नेतृत्व में काउंसलिंग टीम द्वारा पारिवारिक विवादों से संबंधित 15 मामलों में दोनों पक्षों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा आपसी बातचीत, समझा एवं काउंसलिंग के माध्यम से उनके मध्य उत्पन्न मनमुटाव को दूर कराया गया तथा काउंसलिंग के उपरांत सभी 15 जोड़ों ने आपसी मतभेद समाप्त कर साथ रहने की सहमति व्यक्त की, जिसके पश्चात उन्हें हंसी-खुशी एक साथ विदा किया गया। मिशन शक्ति केन्द्र की यह पहल परिवारों को टूटने से बचाने तथा महिलाओं को सुरक्षित एवं सम्मानजनक पारिवारिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस महत्वपूर्ण कार्य में प्रभारी निरीक्षक श्रीमती भाग्यवती पाण्डेय के साथ काउंसलिंग टीम की महिला म0हे0का0 आशा, महिला म0हे0का0 रीना रावत, महिला आरक्षी प्रियंबदा सिंह, म0आ0 संगीता, म0आ0 शिखा खरवार, म0आ0 प्रगति राय एवं म0आ0 शिवानी सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

विदा किए गए परिवारों का विवरण------

01-अंजली पत्नी अमन, साकिन पीपरी थाना शोहरतगढ़, जनपद सिद्धार्थनगर।
02-नूरसवा पत्नी मोहम्मद कासिम, साकिन बेदौलगढ़, थाना डुमरियागंज, जनपद सिद्धार्थनगर।
03-पुष्पा पत्नी तूफानी सा0 केवटलिया, थाना उसका बाजार, जनपद सिद्धार्थनगर।
04-कांति पत्नी विष्णु, सा0 बसंतपुर, थाना बांसी, जनपद सिद्धार्थनगर।
05-सबिता पत्नी चंद्रभान, सा0 मुडीला बुजुर्ग, थाना चिल्हिया, जनपद सिद्धार्थनगर।
06-किरन पत्नी विनोद, सा0 गोहर, थाना बांसी, जनपद सिद्धार्थनगर।
07-पुनीता पत्नी मदन, सा0 बेलबेनवा, थाना इटवा, जनपद सिद्धार्थनगर।
08-सबीना पत्नी शहजाद, सा0 सेमरहुसैनबक्स, थाना सिद्धार्थनगर, जनपद सिद्धार्थनगर।
09-राधा पत्नी रोहन, सा0 रामगढ़, थाना मोहाना, जनपद सिद्धार्थनगर।
10-राजिया पत्नी नियाज, सा0 पिपरा रामलाल, थाना पथरा बाजार, जनपद सिद्धार्थनगर।
11-कमरजहाँ पत्नी अकरम, सा0 खेतवल तिवारी, थाना जोगिया, जनपद सिद्धार्थनगर।
12-शुभांति पत्नी मुकेश, सा0 प्राणपुर, थाना डुमरियागंज, जनपद सिद्धार्थनगर।
13-शिवांगी पत्नी अर्जुन पांडेय, सा0 भगवानपुर, थाना चिल्हिया, जनपद सिद्धार्थनगर।
14-रेखा पत्नी विकास, सा0 बेलव्यास, थाना धर्मसिंहवा, जनपद संतकबीरनगर।
15-खुशबू पत्नी बलिराम, सा0 कूल्हई, थाना बांसी, जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 24.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**दिनांक-26.08.2026 समय प्रातः 05.00 बजे से लेकर समाप्ति तक रूट डायवर्जन जनपद सिद्धार्थनगर।**

जनपद सिद्धार्थनगर में ईद-मिलाद-उन-नबी (बरावफात) के दृष्टिगत जनपद सिद्धार्थनगर में दिनांक 26.08.2026 को समय प्रातः 05.00 बजे से लेकर समाप्ति तक निम्नानुसार रुट डायवर्जन किया गया है।

1. धानी, उसका बाजार की तरफ से आने वाले बड़े वाहन/चार पहिया वाहन जिन्हे बर्डपुर, मोहाना, शोहरतगढ़ व बांसी की तरफ जाना है, वह सभी वाहन पकड़ी से सनई होते हुए अपने गन्तव्य स्थल को जाएंगे।
2. शोहरतगढ़, चिल्हिया तथा बांसी की तरफ से आने वाली बड़े वाहन / चार पहिया वाहन जिन्हें उसका बाजार, धानी की तरफ जाना है वह सभी वाहन सनई से पकड़ी, उसका होते हुए अपने गन्तव्य स्थल को जाएंगे।
3. मोहाना, बर्डपुर की तरफ से आने वाले बड़े वाहन / चार पहिया वाहन जिन्हें उसका धानी की तरफ जाना है वह सभी वाहन सनई से पकड़ी, उसका होते हुए अपने गन्तव्य स्थल को जाएंगे।
4. बैदोला चौराहा थाना डुमरियागंज से इटवा की तरफ जाने वाले मार्ग पर बडे वाहनों का आवागमन प्रतिबन्धित रहेगा।
5. ढेबरुआ से इटवा की तरफ जाने वाले मार्ग पर बडे वाहनों का आवागमन प्रतिबन्धित रहेगा।
6. बांसी कस्बा के पुलिस बूथ तिराहा से पथरा बाजार, डुमरियागंज जाने वाले मार्ग पर बडे वाहनों का आवागमन प्रतिबन्धित रहेगा।
7. रानीगंज तिराहा थाना बांसी से इटवा जाने वाले मार्ग पर बडे वाहनों का आवागमन प्रतिबन्धित रहेगा।

8. नोटः- उक्त डायवर्जन आकस्मिक सेवा वाहनों पर प्रभावी नही होगी

## प्रेस नोट दिनांक 24.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा आगामी त्यौहार बारावफात के दृष्टिगत थाना बांसी पुलिस के साथ थानाक्षेत्र के जुलुस आयोजक के साथ वार्ता कर जुलुस मार्ग का निरीक्षण किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बाँसी द्वारा आज दिनांक 24.08.2026 को प्रभारी निरीक्षक बांसी मय पुलिस टीम के साथ जुलूस के आयोजक के साथ बारावफात त्यौहार रूट आजाद तिराहे, मंगल बाजार, आब्दी तिराहा, हनुमान गढ़ी, नरकटहा आदि का भ्रमण किया गया, साथ ही साथ बारावफात कमेटी के सदस्यों से वार्ता भी किया गया, संबंधित को उचित निर्देश भी दिया गया और त्यौहार बारावफात को सकुशल संपन्न करने हेतु अपील भी किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 24.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में फ्लैग मार्च/पैदल गस्त किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 24.08.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में फ्लैग मार्च/पैदल गश्त किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।